# स्तन कैंसर पुन: निर्माण

टीना (बदला हुआ नाम) जिसने स्तन कैंसर के लिए मैस्टेक्टॉमी कराई है। वह स्तन का पुनः निर्माण कराना चाहती है

स्तन पुनः निर्माण क्या है?

सर्जरी द्वारा स्तन को एक नया आकार देना स्तन पुनः निर्माण कहलाता है। इसे पूरे स्तन को निकालने (मैस्टेक्टॉमी) के बाद किया जाता है। आरोपण के लिए रोगी के शरीर के अन्य भागों से, आमतौर पर पीठ या पेट के नीचले हिस्से से ऊतकों का उपयोग कर स्तन को नया आकार दिया जाता है। पुनर्निर्मित स्तन में आमतौर पर निपल नहीं होते हैं लेकिन सर्जरी द्वारा इन्हें निर्मित किया जा सकता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पुनर्निर्मित स्तन की दिखावट पहले जैसी नहीं होगी - यह अक्सर आकार और आकृति में थोड़े भिन्न होंगे - हो सकता है कि इनमें बिलकुल भी संवेदना न हो।

प्राकृतिक स्तन समय के साथ परिवर्तित होते हैं और महीला की उम्र बढ़ने के साथ वे ढीले पड़ जाते हैं। लेकिन पुनर्निर्मित स्तनों में (विशेष रूप से आरोपण-आधारित पुनर्निर्माण) इस प्रकार से बदलाव नहीं होता है। इसलिए समय के साथ प्राकृतिक स्तन और पुनर्निर्मित स्तन में अंतर अधिक स्पष्ट हो सकता है। सामान्य रूप से महीलाओं को परिणाम स्वीकार्य होता है और विशेष रूप से जब वे सजती हैं तो वे अपनी दिखावट के बारे में आत्मविश्वास महसूस करती हैं।

आमतौर पर स्तन पुनः निर्माण के विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं और सर्जन को इस बात को समझाना चाहिए की कौन सा विकल्प सबसे अच्छा विकल्प होगा। कभी-कभी शेष स्तनों पर सर्जरी कराने की सलाह दी जाती है ताकि एकरूपता और संतुलन लाया जा सके। यह पुनर्निर्माण के दौरान या बाद में भी किया जा सकता है। साथ ही यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि स्तन का पुनः निर्माण कराने से स्तन कैंसर के वापस होने की संभावना में वृद्धि नहीं होती है।

पुनः निर्माण कौन करा सकता है?

कैंसर के लिए की जाने वाली सर्जरी के समय स्तन पुनः निर्माण कराया जा सकता है (त्वरित पुनः निर्माण) या महीनों, यहाँ तक की वर्षों बाद भी कराया जा सकता है (विलंबित पुनः निर्माण)।

यदि मैस्टेक्टॉमी के बाद मरीज को रेडियोथेरेपी कराने की संभावना है, तो बाद में पुनः निर्माण कराना उचित होगा क्योंकि रेडियोथेरेपी के कारण आरोपण के चारों ओर ऊतक के कठोर दाग बनने का जोखिम बढ़ सकता है और यह रोगी के ऊतकों का उपयोग कर किए जाने वाले पुनः निर्माण को भी प्रभावित कर सकता है, जो स्तन को सख्त बना सकता है और इसके आकार को कम कर सकता है। इन कारकों के कारण यदि रेडियोथेरेपी एक संभावित उपचार है, तो रोगी को 12 माह तक के लिए पुनः निर्माण को विलंबित करने की सलाह दी जा सकती है।

कुछ लोगों को अन्य मौजूदा चिकित्सीय कारणों जिनकी वजह से सर्जरी के बाद समस्याओं और जटिलताओं के जोखिम में वृद्धि हो सकती है के कारण स्तन पुनः निर्माण न कारए जाने की सलाह दी जाती है।

## पुन: निर्माण करवाने के कारण

स्तन कैंसर के लिए की जाने वाली सर्जरी से व्यक्ति की दिखावट और वह कैसा महसूस करती है के कुछ प्रकार से प्रभावित होने की संभावना होती है। जब अपने एक या दोनों स्तनों को खोने की बात आती है, तो दूसरी महीलओं की तुलना में कुछ महिलाओं के लिए यह मुश्किल होता है। मैस्टेक्टॉमी कराने के बाद, महीलाओं को अपने शरीर के आकार के बारे में कपड़ों के नीचे अपने वक्ष स्थल की दिखावट के बारे चिंता हो सकती है। जबकि कुछ महीलाएँ अपने स्तनों का आकार पुनः प्राप्त करने के लिए ब्रा के अंदर बाहरी ब्रेस्ट फोम (कृत्रिम अंग) पहनाना पसंद करती है, परंतु कुछ महीलाएँ ऐसा करना पसंद नहीं करती हैं। सभी लोग अलग-अलग होते हैं और व्यक्ति के लिए उचित क्या है इसमें हर व्यक्ति की पसंद मायने रखती है। कोई भी तरीका गलत या सही नहीं है।

पुनः निर्माण उपचार का एक महत्वपूर्ण भाग हो सकता है जो भावनात्मक स्वास्थ्य लाभ और सुख में सहायता करता है। अधिकांश महीलओं की तरह, कोई भी महीला स्तन पुनः निर्माण का चयन कर सकती है क्योंकि स्तन शरीर की छवि, आत्मसम्मान और कामुकता का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। साथी कैसा महसूस करता है वह भी इसमें भूमिका निभा सकता है।

पुनः निर्माण किसे करना चाहिए

पुनः निर्माण एक विशेषज्ञ ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जन द्वारा किया जाना चाहिए (प्लास्टिक सर्जरी तकनीक में प्रशिक्षित सर्जन) या स्तन पुनः निर्माण में प्रशिक्षित प्लास्टिक सर्जन। सर्जन को वास्तविक अपेक्षाओं का वर्णन करना चाहिए कि पुनः निर्मित स्तन कैसे दिखाई देंगे। व्यक्ति को तब तक राजी नहीं होना चाहिए जब तक सभी तथ्यों को विस्तृत रूप से न समझाया जाए - इसलिए मरीज को स्तन के पुनः निर्माण के लिए तैयार करने में काउंसिलिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाग है।

त्वरित बनाम विलंबित पुनः निर्माण

रोगी प्राथमिक कैंसर सर्जरी के दौरान पुनः निर्माण कराने का चयन कर सकती है (त्वरित पुनः निर्माण) या स्तन सर्जरी के कई महीनों या यहाँ तक कि वर्षों के बाद (विलंबित पुनः निर्माण) भी पुनः निर्माण करा सकती है इसलिए निर्णय लेने के लिए पर्याप्त समय होता है। इस दौराम महीला मैस्टेक्टॉमी अपना सकती है और संभवतः महसूस कर सकती है कि अब उसे और अधिक सर्जरी कराने की आवश्यकता नहीं है।


पुन: निर्माण के प्रकार

स्तन पुनः निर्माण के दो मुख्य प्रकार हैं

- केवल स्तन आरोपण का उपयोग कर पुनः निर्माण
- आरोपण के साथ या उसके बिना रोगी के ऊतकों (टिशू फ्लैप) का उपयोग कर।

---


सामान्य रूप से की जाने वाली कुछ पुनः **निर्माण प्रक्रियाएँ**



सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

---


पीठ की मांसपेशियों का उपयोग कर पुनः **निर्माण (लेटिस्मस डोरसी फ्लैप)**



सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

---


पेट की त्वचा और वसा का उपयोग कर पुनः**निर्माण ( डीआईईपी फ्लैप)**



सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

---

निचली पसली से निकलकर श्रोणि की हड्डी तक जाने वाली बड़ी मांसपेशी का उपयोग कर पुनः**निर्माण (ट्रैम फ्लैप)**



सौजन्यः स्तन कैंसर केयर, ब्रिटेन

---